SSMCH

HOSPITAL •RESEARCH •EDUCATION

# सुख सागर टाइम्स

अक्टूबर -दिसम्बर 2023 | अंक- 4

सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का आंतरिक प्रकाशन



इस अंक में...

- लैंप लाइट और शपथ ग्रहण समारोह
- व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ
- 200 सिस्ट निकाले
- नशे का चिकित्सकीय दृष्टिकोण
- 8 किलो का ट्यूमर निकाला
- हैप्पी दीपावली
- बरगी में चिकित्सा सहायता केन्द्र का उद्घाटन



ग्राम-मुकनवारा, चरगवां रोड, जबलपुर (म.प्र.)

Call : 0761-4470000

# नर्सिंग छात्रों का लैंप लाइट और शपथ ग्रहण समारोह



सुख सागर मेडिकल कॉलेज के सभागार में सुख सागर कॉलेज ऑफ नर्सिंग का पहला लैंप लाइट और शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें 34 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। नर्सिंग की जनक सिस्टर फ्लोरेंस नाइटेंगेल जिन्हें लेडी ऑफ लाइट भी कहा जाता है। जो नर्सिंग केरियर अपनाने वालों के लिए सेवा और प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। नर्सिंग कॉलेज की टीम ने अतिथि के तौर पर आए मेडिकल डायरेक्टर, डीन, मैनेजिंग ट्रस्टी और एक्सक्यूटिव डायरेक्टर का स्वागत किया। लाइटिंग ऑफ लाइट का प्रारंभ नर्सिंग कॉलेज की फेक्लिटी दीक्षा धारी और हेमलता ने किया फिर एक-एक कर 34 छात्र-छात्राओं ने आ कर उस लाइट की लौ से अपनी कैण्डल को जलाया और नर्सिंग प्रोफेशन की सेवा और प्रतिबद्धता की शपथ ली। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. लोकवानी ने कहा कि यह नई पीढ़ी है जो सेवा की प्रतिज्ञा ले रही है यह उनके जीवन की एक यादगार घड़ी है। हम सभी ने देखा कि कोविड के समय में नर्सों ने मानवता के लिए जो काम किया उसे कोई भी नही भुला सकता है। उन्होंने भावी नर्सों को भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।



# लैंप लाइट और शपथ ग्रहण ...




मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कवनीत खन्ना ने कहा कि नर्सिंग को केवल प्रोफेशन कहना कम होगा यह अंतरात्मा की आवाज है। जो सेवा आप करते हैं वह अतुल्यनीय है। उन्होंने सभी छात्र-छात्रों का सुख सागर परिवार में स्वागत किया। एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कौस्तुभ वर्मा ने नर्सिंग केरियर चुनने वाले छात्र-छात्राओं को मानवता की सेवा का काम चुनने की बधाई और शुभकामनाएं दीं। नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल लेफ्टिनेंट रत्नेश थेटे ने कहा कि आप सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि आप एक मेडिकल कॉलेज में अपनी पढ़ाई करेंगे, यहाँ आपको सीखने के बहुत से अवसर मिलेंगे। आप सभी खूब मेहनत करें और खूब आगे बढ़ें। कार्यक्रम के अंत मे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किये गए। बी. एस. सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा से जल ने नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में सुश्री अनुजा चक्रवर्ती ने सभी को आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर कालेज परिषर में वृक्षारोपण भी किया गया।





# बैच 2023

# व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ

सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 2023 बैच के 150 मेडिकल छात्रों की वाईट कोट सेरेमनी और चरक शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में बोलते हुए कॉलेज के डीन डॉ. प्रदीप कसार ने बताया कि इस परंपरा की शुरुआत 1993 में कोलम्बिया विश्वविद्यालय के चिकित्सा संकाय से हुई। उन्होंने कहा कि हम सुख सागर परिवार में आपका स्वागत करते हैं। आपको यहां तक पहुचाने में बहुत लोगों ने बहुत से समझौते किये हैं। वाइट कोट बड़ी जवाबदारी और संतुष्टि ले कर आपके पास आता है, जिसे बेहतर डॉक्टर बन कर आपको निभाना है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. डी.पी. लोकवानी ने सभी गणमान्य अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण दिन है कि आज के दिन छात्रों को डॉक्टरों की यूनिफॉर्म सौपी जा रही है। यह बहुत महत्वपूर्ण दिन है। आप सभी ने बहुत मेहनत करके यह जगह हासिल की है। आज आप एक जमात से उठ कर एक दूसरी जमात में शामिल होने वाले हैं, आज के बाद आपके नाम के आगे एक प्रीफिक्स जुड़ेगा जो डॉक्टर का होगा। आज का समारोह उस प्रक्रिया की शुरुआत है। आज आपकी जिंदगी का बहुत बड़ा दिन है। अब आपका कर्तव्य है कि आप दी गयी शिक्षा को विवेक में कन्वर्ट करें। अपने शिक्षकों को आदर की नजर से देखिये। यह आपके भगवान हैं जो आपको डॉक्टर बनाते है।






# बैच 2023


# व्हाइट कोट




वाइट कोट केवल कपड़ा नही है यह समाज की जिम्मेददारी का प्रतीक है। इसका सम्मान आपको बढ़ाना है। आप सभी प्रण लें कि इस पर कोई दाग नही लगे। उन्होंने कहा कि अपने संस्थान को हमेशा प्यार करिए। इसकी गरिमा बनाये रखना भी आपका कर्तव्य है। आपकी यूनिफार्म आपकी शान है। अपनी यूनिफार्म को प्यार करिये। अपने केम्पस में अपनी प्रतिष्ठा और छवि का ध्यान रखिये। समय की कदर करिये ताकि वह भी आपकी कदर करे। आपकी उम्र केवल पढ़ने की है और आपके पास एक ही रास्ता है हार्ड वर्क। अपने फोकस से ना भटकें। राष्ट्र के प्रति आपकी जवाबदारी को कभी ना भूलें और उन्होंने भावी डॉक्टरों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एक्सक्यूटिव डायरेक्टर श्री कौस्तुभ वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत से एमबीबीएस करना दुनिया की कठिनतम पढ़ाई है जिसे अब पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। डॉक्टर एक नेशनल एसेट है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के सभी प्राध्यापकों और हेड ऑफ द डिपार्टमेंट ने भावी डॉक्टर छात्र-छात्राओं को वाइट कोट पहनाया और मेडिकल डायरेक्टर ,डीन और मैनेजिंग ट्रस्टी ने उन्हें चरक संहिता की शपथ दिलाई । नवागंतुक बच्चों ने डीन डॉ. कसार को टोकन ऑफ लव दिया । वोट ऑफ थैंक्स मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कवनीत खन्ना ने किया।

# उपलब्धियाँ

## 200 सिस्ट निकाले







### सर्जरी विभाग SSMCH

A female pt , 40 years of age admitted in the Department of Surgery SSMCH , with history of pain in right hypochondrium since last 5 years. Patient has been treated at multiple hospitals including big centres of Nagpur. Radiological investigations revealed a big lesion involving the Right lobe of Liver. Exploratory Laprotomy done with evacuation of multiple hydatid cysts ( more than 200 , upto 5 cms in diameter), marsupialisation done. Photograph of the lesion and the operating team.

**OPERATING SURGEON**

Dr Arjun Saxena
Dr. Anshul Batalia
Dr. Vipul Golchha

**Anesthetist**

Dr Joti Batalia

**Assistants**

Archana/Abhishek/Malti





# नशे का चिकित्सकीय दृष्टिकोण

नशे की लत एक मानसिक बीमारी है। जिसमें व्यक्ति नशीले पदार्थों का सेवन करता है जो आगे उसकी सेहत, सामाजिक और कामकाजी जिंदगी को नुकसान पहुंचाते हैं। नशीले पदार्थ जैसे कि शराब, गांजा, तम्बाखू, सिगरेट, अफीम, नींद की गोली, खांसी के सिरप, बिना पदार्थ वाले नशें जैसे जुआ खेलना, ऑनलाइन गेमिंग, कम्प्यूटर एडिक्शन, मोबाइल एडिक्शन आदि ।

हमारे देश में शराब 14.6 प्रतिशत, गांजा 2.8 प्रतिशत, बिड 2.1 प्रतिशत, सूंघ कर नशा 0.7 प्रतिशत, लोग इस तरह के नशे में शामिल हैं। यह सभी कारण व्यक्ति को मानसिक बीमारियों की तरफ ढकेलते हैं। जो लोग भी इस तरह की समस्या से गुजर रहें हैं उनके साथ बीमार व्यक्ति की तरह साहानभूति रखकर तुरंत मनोचिकित्सक से संपर्क करना चाहिए । यह उनकी सच्ची मदद होगी।

## डॉक्टर्स



कर्नल डॉ. अमरेश दुबे (रिटा.)
(मानसिक रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस. (एम.जी.एम. इन्दौर)
एम.डी. साइकेट्री



डॉ. रेनू पाण्डेय
(मानसिक रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस. (भोपाल) एम.डी. साइकेट्री (इन्दौर)
एक्स.एस.आर. (बी.एम.जी.एम.सी. शहडोल)

# नर्सिंग छात्रों का सीपीआर प्रशिक्षण



SSCN PARTICIPATING CPR AWARENESS PRM WITH NBEMS,ON 6TH DEC 2023 Commending the initiative for providing training to the students of sscn regarding cardiac arrest, “it is vital that we maintain good heart health and adopt a holistic approach towards health incorporating balanced diet and exercise however, in proximity of someone suffering from cardiac arrest, if one is trained in CPR technique, it will enable us to save lives. This is a very commendable effort and I congratulate it.”






OUR TRIUMPH

# 8 किलो का ट्यूमर निकाला






## GYNO DEPT.



Ms bharti 15 y/f C/o Abdominal lump first noticed in March which was below the level of umblicus, the lump was gradually increasing in size and covered whole abdomen in August 2023 It was associated with stretching type of pain and discomfort, there was no menstrual abnormality and any other systemic manifestation. She came to SSMCH on 28.12.23 admitted for surgery Intraoperatively Left side large solid ovarian mass present, salpingophorectomy was done, mass was apx 8 kg Right sided tube, ovary and uterus was morphologically normal, so left insitu. Surgery was performed by Dr Mansi, (Sr consultant obs and gyne) + oncosurgeon (Dr. Prashant Jain) & anesthesia team of SSMCH .

The relatives had come twice before and showed to other doctors but did not get admitted as they were worried that her entire uterus will be removed. This time proper counseling was done by Dr. Mansi, and they got admitted and eventually operated.




HAPPY
Diwali

































# 22 दिसम्बर चिकित्सा सहायता केन्द्र का उद्घाटन

बरगी में सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सा सहायता केंद्र का शुभारंभ 22 दिसंबर को हुआ। इस उपलक्ष में एक स्वास्थ्य कैंप भी आयोजित किया गया।

**बरगी केंद्र का पता-जैन मार्किट, वन विभाग कार्यालय के सामने, मेन रोड बरगी है।**







## गर्ल्स हॉस्टल में तनाव प्रबंधन पर बातचीत

मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर रेणु पांडे ने गर्ल्स हॉस्टल में एमबीबीएस की तीनों वर्ष की छात्राओं के साथ स्ट्रेस मैनेजमेंट पर बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिए।



# विदा-2023

ज्ञानजीत ट्रस्ट के अंतर्गत सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर, मध्यप्रदेश का आंतरिक प्रकाशन, गैर-व्यापारिक उद्देश्य हेतु। प्रधान संपादक - श्री बी.एस.खन्ना। सलाहकार संपादक - श्री रमनदीप खन्ना। मुख्य संपादक - श्री कौस्तुभ वर्मा। सम्पादक-रंजना। विशेष सहयोग - नौशाद आलम सिद्दिकी। डिजाइन- मो. सोहेल।
ई-मेल ssmchnewsletter@gmail.com
फोन- संपादक +91 9871900112